दिन– शनिवार

दिनांक– 24 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– केन्द्र सरकार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने का प्रयास कर रही है।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान वैशाली जिले में एक सौ अट्ठाईस विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

03. भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी एक सौ दोवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक किया गया याद।

04. और, पटना में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप फाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बिहार ने मणिपुर के खिलाफ तीन सौ बयालीस रन की बढ़त बनाई।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार भारत और विदेशों में भी युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। श्री मोदी आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है जिसके जरिए युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

–––बाइट–––

युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार, स्वरोजगार के अवसर देना, ये हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए, इसके लिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई थी। इसके जरिए लाखों युवाओं को सरकार के अलग–अलग विभागों में नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।

श्री मोदी ने भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि यह दुनिया की एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जिसने एक दशक में अपनी जीडीपी को दोगुना कर दिया है। श्री मोदी ने आज के दिन को विशेष बताया।

–––बाइट–––

25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है फिर उसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है। आज का दिन भी विशेष है। आज के ही दिन हमारे संविधान ने जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सौंपे गए नियुक्ति पत्र युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आमंत्रण पत्र और विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए संकल्प पत्र है।

---बाइट---

नागरिक देवो भवः के मंत्र के साथ हमें काम करना है। एक बार फिर आपके जीवन में ये जो नई बसंत आई है, ये नया जीवन का युग शुरू हो रहा है और आप ही के माध्यम से 2047 में विकसित भारत बनने वाला है।

राष्ट्रीय रोजगार मेला के तहत आज देशभर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

---

इधर, पटना और मुजफ्फरपुर में आयोजित कार्यक्रम में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। पटना के ऊर्जा स्टेडियम में केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वहीं, मुजफ्फरपुर के झपहां स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, कैंप में केन्द्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

---

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य हर हाथ को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय रोजगार मेले में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि देश का कोई युवा रोजगार से दूर नहीं रहे यही प्रयास किया जा रहा है।

---बाइट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान आज वैशाली जिले में एक सौ बावन करोड़ रुपये की लागत वाली एक सौ अट्ठाईस विकास परियोजनाओं का

शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवा उत्थान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार प्रयासरत है। सरकार योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, कौशल, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहे है।

---बाइट---

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत स्थानीय सांसद और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

---

भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी एक सौ दोवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर जननायक के पैतृक गांव समस्तीपुर के कर्पूरी ग्राम में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जननायक के पुत्र और केन्द्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर द्वारा लिखित पुस्तक संसद और मैं और मेरे संसदीय स्वर का विमोचन किया गया। इधर, पटना के कला और संस्कृति विभाग की ओर से जयंती समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत अनेक गणमान्य लोगों ने शामिल होकर जननायक को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके अलावे प्रदेश के विभिन्न जिलो में जननायक कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। श्री मोदी ने कहा है कि समाज के शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों का उत्थान कर्पूरी ठाकुर के राजनीति का केन्द्र रहा है।

---बाइट---

बिहार विधानसभ के अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार जननायक के विचारों को आधार बनाकर काम कर रही है।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की एक सौ तीसवीं कड़ी होगी। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी यह उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि देश के युवाओं को हमेशा तैयार रहना चाहिए, क्योंकि पूरा विश्व अनिश्चितताओं के दौर से गुजर रहा है। वे आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर दृ एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेट्स को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनसीसी स्वयं को बेहतर बनाने के एक मंच के रूप में कार्य करता है।

---

शिक्षामंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशों को लेकर राज्य में कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत सभी व्यावहारिक बातें प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में शामिल की गईं है।

———बाइट———

---

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि पिछले दशक में वस्त्र क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। नई दिल्ली में भारतीय अंतरराष्ट्रीय वस्त्र मेले में श्री सिंह ने कहा कि दो हजार पच्चीस में घरेलू बाजार छह लाख करोड़ से बढ़कर तेरह लाख करोड़ रुपये का हो गया और कोविड के बाद की अवधि में निर्यात में भी पच्चीस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई **है।**

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा है कि पार्टी, कार्यकर्ता प्रथम की नीति पर कार्य करती है। श्री सरावगी ने रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं और सामान्य कार्यकर्ता का सम्मान भाजपा में ही संभव है।

———बाइट———

---

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण को समर्पित है। प्रतिवर्ष चौबीस जनवरी को मनाया जाने वाला यह दिन लैंगिक भेदभाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने, और समान अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न भागों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि जय प्रकाशनगर स्थित बालिका विद्यालय में रंगोली, पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। इधर, कैमूर जिला प्रशासन की ओर से मैराथन दौड़ और वृक्षारोपण कार्यक्रम के जरिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दरभंगा समाहरणालय में बालिका सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए।

---

पटना के मोइनुलहक स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप के फाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बिहार ने मणिपुर के खिलाफ बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक बिहार ने दूसरी पारी में दो विकेट के नुकसान पर चौरासी रन बना लिया है। पियूष सिंह बत्तीस रन बनाकर जबकि आकाश राज बारह रन बनाकर खेल रहे हैं। बिहार की कुल बढ़त तीन सौ बयालीस रन की हो गयी है। बिहार ने पहली पारी में पांच सौ बाईस रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया था। इससे पहले सूरज कश्यप, प्रशांत सिंह और हिमांशु सिंह की शानदार गेंदबाजी के सामने मणिपुर की पहली पारी दो सौ चौंसठ रन पर ही सिमट गई। सूरज कश्यप ने सबसे अधिक तीन विकेट लिये। कल मैच का आखिरी दिन है। मैच में जीत टीम को रणजी ट्रॉफी एलिट ग्रुप में स्थान देगी। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से कामिनी ठाकुर।

इधर, नागालैंड के सोविमा में खेले गए सी.के. नायडू ट्रॉफी प्लेट अंडर–ट्वेंटी थ्री क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने सिक्किम को दस विकेट से पराजित कर दिया है।

---

सुपौल जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत आज जागरूकता रैली निकाली गई।

---

मधुबनी जिले के घोघरडीहा प्रखंड के बीडीओ को फोन पर गालीगलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

---

शेखपुरा समाहरणालय के मंथन सभागार में जीवनांक साख्यिकी पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गय

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– केन्द्र सरकार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने का प्रयास कर रही है।
02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान वैशाली जिले में एक सौ अट्ठाईस विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।
03. भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर को उनकी एक सौ दोवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक किया गया याद।
04. और, पटना में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप फाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बिहार ने मणिपुर के खिलाफ तीन सौ बयालीस रन की बढ़त बनाई।

---

समाप्त